# प्रेस नोट दिनांक 05.04.2021

आज दिनांक 05.04.2021 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के कुशल निर्देशन मे पुलिस की सक्रियता के चलते थाना नानौता पुलिस द्वारा अभि0 अरशद पुत्र सलामू निवासी ग्राम चाउ सहसपुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर को एक छोटा हाथी (टाटा मेगा एक्सल) HR 58 B 4222 (फर्जी नं0 UP 11 AT 0575) के गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से उक्त छोटा हाथी से 39 पेटी ( 1755 पव्वे) देशी शराब तौहफा मार्का व 11 पेटी (132 बोतल) क्रेजी रोमियो व्हिस्की हरियाणा मार्का बरामद हुयी । तथा एक अभियुक्त सोनू पुत्र अकबर निवासी ग्राम सहसपुर जट्ट थाना नकुड जिला सहारनपुर मौके से भागने मे सफल रहा। गिरफ्तारशुदा अभि0 का आपराधिक इतिहास निम्न प्रकार है

अभियुक्त का नाम व पता :-

1.अरसद पुत्र सलामू निवासी ग्राम चाउ सहसपुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर मु0अ0सं0 110/2021 धारा 60/63/72 आबकारी अधि0 व 465 भादवि थाना नानौता।

बरामदगी का विवरण :-

1. ) पेटी 391755 पव्वे, देशी शराब तौहफा मार्का (
2. ) पेटी 11132 बोतल, क्रेजी रोमियो व्हिस्की हरियाणा मार्का (
3. एक छोटा हाथी (टाटा मेगा एक्सल)HR 58 B 4222 0फर्जी नं) UP 11 AT 0575(

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम : –**

1. थानाध्यक्ष सोवीर नागर
2. व शीतल कुमार शर्मा 0नि0उ0
3. है संजीव कुमार 82 0का0
4. का सोनू कुमार 1212 0
5. का मनोज कुमार 1600 0



# प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 05-04-2021

## सहारनपुर पुलिस द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 की तैयारियों एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनायें रखने हेतु 24 घंटो के अन्दर की गई कार्यवाही:-

- जनपद पुलिस द्वारा अन्तर्गत धारा 107/116 द0प्र0सं0 के तहत 62 वादो में कुल 871 व्यक्तियों के विरुद्व कार्यवाही की गई हैं।
- जनपद के विभिन्न थानो द्वारा आबकारी एवं आर्म्स एक्ट आदि अपराधो में वांछित चल रहे कुल 13 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।
- थाना देवबन्द, थाना बेहट एवं थाना सरसावा पुलिस द्वारा अवैध शराब व अवैध शस्त्र सहित कुल 03 अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया।
- आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2021 की प्रक्रिया को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाये रखने हेतु 24 घंटे मे कुल 36 लाईसेन्सी शस्त्र जमा कराये गये।
- आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2021 की प्रक्रिया को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना फतेहपुर के ग्राम मुजफ्फराबाद, थाना चिलकाना के ग्राम दौलतपुर, ग्राम दूधगढ़ एवं ग्राम पठेड में संभ्रांत व्यक्तियों के साथ शांति समिति की मीटिंग कर शांतिपूर्वक मतदान करने के साथ 19-साथ कोविड-प्रोटोकाल के नियमों का पालन करने हेतु अपील की गई । इसके साथ-साथ जनपद के समस्त थाना प्रभारियों एवं क्षेत्राधिकारियों द्वारा क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए आम जनमानस को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को कोविड 19-प्रोटोकाल के नियमों का पालन करते हुये शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने हेतु अपील की जा रही है । इसके अतिरिक्त जनपद के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भी अपराध की रोकथाम एवं कानूनव्यवस्था के मद्देनजर - क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहते हुये मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया जा रहा है तथा स्थितियों का जायजा लिया जा रहा है।

# **प्रेस नोट दिनांक 05-04-2021**

## **थाना सदर बाजार, सहारनपुर पुलिस द्वारा 02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से मोटर साईकिल, स्कूटी व अवैध असलहा बरामदः-**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी द्वितीय, सहारनपुर के कुशल पर्यवेक्षण मे अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा चैकिग/गस्त के दौरान दिनांक 05.04.2021 को समय करीब 08.20 बजे मुखबिर खास की सूचना पर आई0आई0टी0 कैम्पस के पास से दो नफर अभि0गणो को अवैध चाकू व चोरी की एक अदद मोटर साईकिल व एक अदद स्कूटी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जो रेकी करके चोरी की घटनाओ को अंजाम देते है। बरामद वाहनो के सम्बन्ध मे पंजीकृत स्वामियों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर अभियोग पंजीकृत करते हुये अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-**

- तरुण कश्यप पुत्र स्व गोरंगा निवासी कोरी माजरा रविदास मन्दिर के पास थाना सदर बाजार स0पुर।
- आकाश पुत्र राजपाल निवासी कुतुबगढ थाना भवन जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

- एक अदद चाकू।
- चोरी की एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस रंग काला बिना नंबर।
- चोरी की स्कूटी सुजुकी स्विस रंग सफेद बिना नंबर।

**अपराधिक इतिहासः-**

- मु0अ0सं0 174/2021 धारा 4/25 A ACT थाना सदर बाजार, सहारनपुर।
- मु0अ0स0 175/2021 धारा 420/414/465 भा0द0वि0 थाना सदर बाजार, सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाले अधिकारी/टीम के नाम :-**

- उ0नि0 श्री विजय सिंह थाना सदर बाजार, स0पुर।
- उ0नि0 श्री निशू तोमर थाना सदर बाजार, स0पुर।
- है0का0 भोपाल सिंह थाना सदर बाजार, स0पुर।
- का0 दिनेश कुमार थाना सदर बाजार, स0पुर।
- का0 कपिल कुमार थाना सदर बाजार, स0पुर।

# प्रेस नोट दिनांक 05–04–2021

**थाना देवबन्द पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार :–**

दिनांक 04–04–2021 को थाना देवबन्द पुलिस द्वारा चोन्दाहेडी बाईपास पर से अभि0 सागिर पुत्र यामीन निवासी चोंदाहेडी थाना देवबन्द, सहारनपुर को 20 लीटर शराब खाम सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना देवबन्द पर मु0अ0सं0 217/21 धारा 60(1) आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया।

**थाना सरसावा पुलिस द्वारा नाजायज चाकू सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार :–**

दिनांक 04–04–2021 को थाना सरसावा पुलिस द्वारा रायपुर रोड ओवरब्रिज के पास से अभि0 मुन्ना पुत्र रियासत निवासी मौहल्ला मिरधान कस्बा व थाना सरसावा, सहारनपुर को 01 नाजायज चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मु0अ0सं0 109/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**थाना बेहट पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार :–**

दिनांक 04–04–2021 को थाना बेहट पुलिस द्वारा मुर्तजापुर रोड सीएचसी बेहट के पास से अभि0 खुर्शीद पुत्र हमीद निवासी भोजपुर थाना बेहट, सहारनपुर को 20 बोतल देशी शराब हरियाणा मार्का सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना बेहट पर मु0अ0सं0 173/21 धारा 60/63 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया।

**मीड़िया/सोशल मीड़िया सेल**
**सहारनपुर।**